आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
सेक्टर- 9 द्वारका, नई दिल्ली
सत्र 2015-16
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)
सेट (अ) उत्तरकुँजी

दिनांक: 16 सितंबर 2015

कक्षा : चतुर्थ
समय : 2 घंटे

विषय :हिन्दी
अधिकतम अंक :50

---

## भाग क (पढ़ना)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

**बाल मज़दूर शब्द सुनते ही आँखों के सामने कारखानों ,चाय की दुकानों ,घरों के लिए ईंटे उठाते व घरेलू नौकरों आदि का काम करने वाले बच्चों की शक्ल घूम जाती है। जो बच्चे 14 साल से कम उम्र के होते हैं व उनसे काम करवाया जाता है उन्हें 'बाल मजदूर' कहते हैं।सरकार सभी बच्चों के लिए सरकारी विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा देती है फिर भी गरीबी की वजह से इनके माता-पिता इनसे काम करवाते हैं और इन्हें स्कूल नहीं भेजते ताकि उनके परिवार की आमदनी कम न हो जाए।सरकार ने इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए बाल मजदूरी के खिलाफ कानून बनाया है।जो भी 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाएगा उसे सज़ा मिलेगी।बहुत सारी एन जी ओ भी इन बच्चों के लिए काम करती हैं।फिर भी हमारे देश में ऐसे बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए अमीर लोगों को इन से काम नहीं करवाना चाहिए। यदि हम अपने आस -पास ऐसे बच्चों को देखें तो इनके माता- पिता को समझाना चाहिए व इनकी शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।**

(क) 'बाल मजदूर' किसे कहते हैं?

**उत्तर- जो बच्चे 14 साल से कम उम्र के होते हैं व उनसे काम करवाया जाता है उन्हें 'बाल मजदूर' कहते हैं।**

(ख)गरीब बच्चों के माता- पिता उन्हें स्कूल क्यों नहीं भेजते?

**उत्तर -गरीब बच्चों के माता- पिता उन्हें स्कूल नहीं भेजते ताकि उनके परिवार की आमदनी कम न हो जाए।**

(ग) बाल मज़दूरी को रोकने के लिए सरकार ने क्या कोशिशें की हैं?

**उत्तर- सरकार ने इन बच्चों को बचाने के लिए बाल मजदूरी के खिलाफ कानून बनाया है।जो भी 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाएगा उसे सज़ा मिलेगी।बहुत सारी एन जी ओ भी इन बच्चों के लिए काम करती है।**

(घ) इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

**उत्तर- इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए अमीर लोगों को इन से काम नहीं करवाना चाहिए। यदि हम अपने आस -पास ऐसे बच्चों को देखें तो इनके माता- पिता को समझाना चाहिए व इनकी शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।**

(ङ) गद्यांश में से समानार्थक ढूँढें। **नेत्र - आँख , आयु -उम्र**

## भाग ख (भाषा)

**प्रश्न 2 निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें।** **(3)**

(क)चंपा - **व्यक्तिवाचक** (ख)भारत- **व्यक्तिवाचक** (ग) सुंदरता - **भाववाचक**

(घ) पर्वत - जातिवाचक (ड) थकावट - भाववाचक (च) जानवर- जातिवाचक

**प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें। (2)**

(क)आम में मिठास होती है।आम - **जातिवाचक , मिठास - भाववाचक**

(ख) गंगा एक पवित्र नदी है।गंगा - **व्यक्तिवाचक , नदी - जातिवाचक**

**प्रश्न 4 दिए गए वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें। (2)**

(क)माताजी बहुत स्वादिष्ट भोजन **पकाती** हैं। (पकाना)

(ख)रोहन ने अपने मित्र को **मारा** । (मारना)

(ग)अनिता अपनी सहेलियों के साथ रस्सी **कूद** रही है। (कूदना)

(घ)मैं रोज़ रात को 10 बजे तक **सो** जाता हूँ। (सोना)

**प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द अलग करके लिखें। (1)**

(क)भैया बाज़ार से बहुत सारा सामान लाते हैं। - **लाते हैं**

(ख)बाग में से फूल मत तोड़ो। - **तोड़ो**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ। (2)**

(क)तैरना (ख)उछलना

**छात्र अपनी रचनात्मकता के अनुसार लिखेंगे।**

**प्रश्न 7 कोष्ठक में दिए शब्दों के विलोम रिक्त स्थान में लिखिए। (2)**

(क)अहा! मजा आ गया यह गददा तो बहुत **कोमल** है। (कठोर)

(ख)उसका छोटा भाई **सुस्त** है। (चुस्त)

(ग) वृक्ष पर **एक** रंग- बिरंगी चिड़िया बैठी है। (अनेक)

(घ) सूरज पश्चिम में **अस्त** होता है। (उदय)

**प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखो। (3)**

(क) अनुपस्थित - उपस्थित (ख)शांत- अशांत (ग)विशेष- साधारण

(घ) सुविधा - असुविधा (ड) ठीक - गलत (च)अनुचित - उचित

**प्रश्न 9 निम्न शब्दों को पहचान कर लिखिए कि वे स्त्रीलिंग है या पुल्लिग। (2)**

(क) बुढ़िया- **स्त्रीलिंग** (ख)महोदय - **पुल्लिग**। (ग)ठकुराइन - **स्त्रीलिंग** (घ) चिड़ा - **पुल्लिग**।

**प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो। (1)**

(क)अध्यापक - अध्यापिका (ख) बैल- गाय

**प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें। (2)**

(क)हाथी ने दरज़ी की दुकान पर पानी डाला।

**हथिनी ने दरज़ी की दुकान पर पानी डाला।**

(ख)कवयित्री ने सुंदर कविता लिखी।

**कवि ने सुंदर कविता लिखी।**

## भाग ग - (साहित्य)

**प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखो। (2)**

(क)मुद्रित- छपा हुआ (ख) निर्देश **-आदेश या हिदायत**

(ग) दरिया **-नदी** (घ)वेग- **बहुत तेज़ गति**

**प्रश्न 13 कविता 'यह है त्योहारों का देश' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ( 4)**

**हिंदू -मुसलमान की टोली,**<br>**ईद मिले औ खेले होली**<br>**आपस में हिलमिल रहने का**

देते हम संदेश!

यह है त्योहारों का देश

(क)इस कविता के कवि का नाम लिखें।

**उत्तर-इस कविता के कवि का नाम सुरेश सलिल है।**

(ख)हिंदू -मुसलमान की टोली क्या करती है?

**उत्तर- हिंदू-मुसलमान की टोली मिल -जुलकर ईद और होली जैसे सभी त्योहार मनाती है।**

(ग)कवि क्या संदेश देने की बात कर रहा है? VBQ

**उत्तर- कवि आपस में हिलमिल रहने का संदेश दे रहा है।**

(घ)'हिलमिल' का अर्थ लिखें।

**उत्तर-मिल - जुलकर।**

(ड) 'उत्सव' का समानार्थक पद्यांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उत्तर-त्योहार**

**प्रश्न 14 रिक्त स्थान भरें।** **(2)**

(क) पाठ' गुब्बारे में चीता' के लेखक —— **प्रेमचंद** ——— हैं ।

(ख)महात्मा गांधी ——— **पर्यावरण** ——— के प्रति उतने ही सचेत थे जितनी देश की आजादी के प्रति।

(ग)पर्यावरण को बचाने के लिए हमें—**पेड़**————नहीं काटने चाहिए।

(घ)शहर की दीवारों पर सरकस के —— **पोस्टर** ———लगे थे।

**प्रश्न 15 किसने, किससे कहा।** **(1)**

(क)मैं तो जाऊँगा ,चाहे कोई छुट्टी दे या न दे। **-बलदेव ने लड़कों से कहा।**

**प्रश्न 16 निम्नलिखित तथ्यों को सही करके लिखिए।** (2)

(क)उन्हें ईंधन के लिए शहरों से लकड़ी लानी पड़ती है।

**(क)उन्हें ईंधन के लिए जंगलों से लकड़ी लानी पड़ती है।**

(ख)बलदेव अंग्रेज़ी की कॉपी पर चित्र बना रहा था।

**(ख)बलदेव हिसाब की कॉपी पर चित्र बना रहा था।**

**प्रश्न 17 निम्न शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए।** **(2)**

(क)प्ररकरती- **प्रकृति** (ख)प्रफूल्लित - **प्रफुल्लित** (ग)सपरश - **स्पर्श** (घ)चोकननी- **चौकन्नी**

**प्रश्न 18 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क)जीवन में त्योहार क्यों ज़रूरी हैं? VBQ (2)

**उत्तर- त्योहार जीवन में खुशियाँ लाते हैं।हमारे जीवन में रंग भरते हैं। हमें अपनी संस्कृति व परंपरा से जोड़ते हैं।हमें अपने अतीत पर गर्व करने की बात याद दिलाते हैं।**

(ख)गांधी जी ने बालटी क्यों टँगवाई?उसका क्या उपयोग होता? ( **2**)

**उत्तर- गांधी जी ने इस्तेमाल हो चुके दातुन के टुकड़े इकट्ठा करने के लिए बालटी टँगवाई।इन दातुन के टुकड़ों का प्रयोग ईंधन के रूप में होता।**

(ग)पत्रों के लिफाफों का गांधी जी क्या उपयोग करते थे ? (1)

**उत्तर-गाँधी जी पत्रों के लिफाफो को लिखने के काम में लेते थे।**

(घ)बलदेव ने अपनी जान कैसे बचाई? (2)

**उत्तर-बलदेव ने गुब्बारे का मुँह खोलकर उसकी गैस निकाली।गुब्बारा जब ज़मीन से थोड़ी ऊँचाई पर रह गया तो वह गुब्बारे की रस्सी छोड़कर दरिया में कूद गया।फिर तैरकर सुरक्षित जगह पर आ गया।**

भाग घ (लेखन)

**प्रश्न 19 कोई एक कीजिए।**

**दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

**मेरी प्रिय ऋतु**

मेरी प्रिय ऋतु, कब से कब तक, क्या- क्या करते हैं, कैसे कपड़े पहनते हैं ,खान -पान , क्या प्रयोग करते हैं, सावधानियाँ ,यह ऋतु आपको क्यों पसंद है ?

**या**

प्रधानाचार्या जी को पुस्तकालय में नई पुस्तकें मंगवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

**छात्र अपनी रचनात्मकता के अनुसार लिखेंगे।**